अमर उजाला

बरेली
शुक्रवार, 15 सितंबर 2023

PAGE NO, 10, TOP

जी-20 से देश को मिलेगा नया आयाम

सेमिनार और कार्यकारिणी सभा में कोयले से बिजली उत्पादन को कम करने का सुझाव

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से सिविल लाइंस स्थित होटल में सेमिनार और कार्यकारिणी सभा आयोजित हुई। जी-20 सम्मेलन का भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रभाव विषय पर वक्ताओं ने विचार साझा किए। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलने की उम्मीद जताई।

मुख्य वक्ता डॉ. सौरभ गुप्ता ने जी-20 सम्मेलन से ऑटोमोबाइल, मोबाइल फोन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के लिए बाजार एवं निवेश के अवसरों में बढ़त की उम्मीद जताई। साथ ही, खाद्य सुरक्षा एवं पोषण के उच्चस्तरीय सिद्धांतों में सुधार के अवसर बढ़ाने, जलवायु अनुकूल कृषि के बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया।

सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन के सेमिनार और कार्यकारिणी सभा में मौजूद वक्ता व पदाधिकारी। संवाद

डॉ. मोहम्मद दानिश चिश्ती ने कोयले से बिजली उत्पादन को चरणबद्ध तरीके से कम करने के प्रयासों में तेजी लाने, साल 2070 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने, जैविक ईंधन का रोडमैप तैयार होने आदि की उम्मीद जताई। उपायुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने सभी सदस्यों को नई औद्योगिक नीति के बारे में विस्तार से बताया।

इससे पहले संस्था के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, सचिव अल्पित अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान संस्था के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सुन्दरानी, किशोर कटरू, दिनेश गोयल, रवि प्रकाश अग्रवाल, एसके सिंह, विमल रैवाड़ी, विनोद ग्रोवर, सुनीत मूना, मुनीश मित्तल, पुनीत सक्सेना, राजीव सिंघल, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।